वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 15 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

तालाबंदी के दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के द्वारा लिए जाने वाले शुल्क के संबंध में MHRD का दिशा निर्देश स्वागतयोग्य

तालाबंदी के दौरान छात्र विभिन्न स्थानों पर है, ऐसे समय में शैक्षणिक संस्थानों द्वारा शुल्क मांगना तथा समय पर शुल्क न देने पर कार्यवाही करने की बात कहना यह छात्रों को मानसिक रूप से कष्ट प्रदान करेगा। अतः इन परिस्थितियों से बचने के लिए MHRD द्वारा जारी किया गया दिशानिर्देश स्वागत योग्य है।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा छात्रों के फीस भुगतान, फैकल्टी तथा स्टाफ सदस्यों के वेतन भुगतान सहित फेक न्यूज़ को रोकने, छात्रों के लिए इंटर्नशिप, ऑनलाइन क्लासेज़, सेमेस्टर परीक्षाएं, इंटरनेट संबंधी दिक्कतों आदि से संबंधित दिशानिर्देश जारी करने हेतु अभाविप हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "शिक्षा जगत, कोरोनावायरस महामारी के चलते अनिश्चितता तथा आशंकाओं से गुजर रहा है, ऐसी विषम परिस्थितियो में मानव संसाधन विकास मंत्रालय जो आवश्यक कदम उठा रहा है, वह प्रशंसनीय है। आज एआईसीटीई ने जो महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं, वह स्वागतयोग्य एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों के लिए राहत भरे हैं।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)